PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Navbharat Times, Delhi
Wednesday 21st October 2015, Page: 15
Width: 4.30 cms, Height: 9.80 cms, a4, Ref: pmin.2015-10-21.52.109

अब क्वॉलिटी मेडिसिन बनाना सिखाएगी सरकार

प्रस, नई दिल्ली : सरकार फार्मा कंपनियों को दवा बनाने के बेहतर तौर-तरीके सिखाना चाहती है, जिसके लिए जल्द एक मुहिम शुरू की जाएगी। इस मुहिम में छोटी और मझोली कंपनियों पर खास नजर रहेगी। ये तौर-तरीके विश्व स्वास्थ्य संगठन की गाइडलाइंस पर आधारित होंगे। इस कवायद का मकसद भारतीय दवा कंपनियों को स्तरीय दवाएं बनाने की ट्रेनिंग देना है, ताकि उनकी दवाओं पर देश या विदेशों में उंगली न उठे।

गौरतलब है कि हाल के दौर में कई देशों ने भारत में बनी दवाओं पर सवाल उठाते हुए उनकी दवाएं बैन कर दी थीं। इससे इन कंपनियों को अरबों रुपये का नुकसान हुआ। इस मामले में अमेरिका के साथ विवाद बढ़ने पर वहां के फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन के अधिकारियों ने भारत का दौरा किया।

Govt to train SMEs in producing quality medicine
Govt